भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3166**
दिनांक 11 जुलाई , 2019 / 20 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

सी-ए॰ टी॰ एफ॰ एम॰ कक्ष

3166. **श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री बिद्‌युत बरन महतो:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नई दिल्ली में वायु यातायात प्रवाह प्रबंधन-केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष (सी-एटीएफएम) खोलने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या उद्देश्य हैं;

(ग) इसके कब तक खुलने और कार्य आरंभ करने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार का देश के अन्य भागों में ऐसे केन्द्र खोलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त के लिए कौन-से स्थान चिन्हित किए गये हैं और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ग) : जी हाँ। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने वसंत कुंज, नई दिल्ली में अत्याधुनिक एअर ट्रैफिक फ़्लो मैनेजमेंट सेंट्रल कमांड सेंटर का निर्माण किया है। यह केंद्र पूरे देश में हवाई यातायात प्रवाह पर निगरानी रखने और प्रमुख हवाईअड्डों पर हवाई यातायात मांग संकुलन तथा हवाई-क्षेत्र का प्रबंधन करने का केंद्रीय स्थल है। सेंट्रल कमांड सेंटर 22.06.2019 से क्रियाशील है।

(घ) जी नहीं।

(ङ.) प्रश्न नहीं उठता।

*****